<><><><><><><>

- केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–भारत का स्मार्टफोन निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच गया है।
- श्री विजयपुरम से हटबे सेक्टर के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग सेवा आज से शुरू।
- उद्योग निदेशालय की ओर से हस्तशिल्प पर अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।
- योजना समिति की बैठक में कैम्पबेल बे और दक्षिण अंडमान ज़िले के विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय।

<><><><><><><>

भारत का स्मार्टफोन निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष में दो लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुँच गया है। स्मार्टफोन पिछले वित्तीय वर्ष के पहले दस महीनों में भारत का सबसे बड़ा निर्यात बनकर उभरे हैं। यह जानकारी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दी। उन्होंने कहा कि 2013–14 में देश का स्मार्टफोन निर्यात एक सौ सड़सठवें स्थान पर था और अब यह पहले स्थान पर पहुँच गया है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 2020 में स्मार्टफोन के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना शुरू की थी, जो इस क्षेत्र के लिए एक निर्णायक क्षण साबित हुआ। मंत्री ने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में लाखों नए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, विशेष रूप से महिलाओं के लिए।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम से हटबे सेक्टर के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग अप्लीकेशन की शुरूआत की गई है। दक्षिण अंडमान के अतिरिक्त ज़िला मजिस्ट्रेट विनायक चमाड़िया ने आज ऑनलाइन हेलीकॉप्टर टिकट बुकिंग अप्लीकेशन का उद्घाटन किया। इस ऑनलाइन प्लेटफार्म के शुरू होने से नागरिक अब डी सी श्री विजयपुरम पोर्टल या क्यू आर कोड को स्कैन कर आवेदन जमा कर सकते हैं। एडीएम ने कहा कि ज़िला प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों को डिजिटल प्लेटफार्म का लाभ देना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से सिप्पीघाट और गाराचरमा फार्म में एग्रो इको वॉक आम जनता के लिए इक्कीस अप्रैल से खोला जा रहा है। इस सिलसिले में क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी चाकुरकर ने एग्रो इको वॉक के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा–

एग्रो इको वॉक सोमवार से शनिवार तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच खुला रहेगा। प्रवेश टिकट संबंधित फार्म परिसर में बिक्री केन्द्र पर उपलब्ध होंगे। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध कृषि–जैव विविधता और वैज्ञानिक खेती प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

<><><><><><><>

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण – सीसीपीए ने पिछले तीन वर्षों में आईआईटी–जेईई और नीट से संबंधित कोचिंग सेंटरों को भ्रामक दावों के लिए नोटिस जारी किए हैं। प्राधिकरण ने इस अवधि के दौरान 24 कोचिंग सेंटरों पर 75 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने कोचिंग सेंटरों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय की ओर से कन्यापुरम ग्राम पंचायत में 'हस्तशिल्प– नारियल के खोल, लकड़ी और बेंत एवं बांस के उत्पाद' पर केंद्रित 15 दिवसीय अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में कन्यापुरम ग्राम पंचायत के प्रधान पी अब्दुल बशीर मुख्य अतिथि थे। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने में विभाग की मजबूत समर्थन प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में 35 प्रशिक्षुओं को नामांकित किया गया है, जिन्हें पारंपरिक हस्तशिल्प बनाने के लिए आवश्यक कौशल पर जानकारी प्रदान की जाएगी। इस पहल से स्वरोजगार को बढ़ावा देने और कारीगरों को बाजार–प्रासंगिक कौशल के साथ सशक्त बनाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के ज़िला योजना समिति की दूसरे दिन की बैठक कल आयोजित की गई। इस बैठक में दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्षा एम रजनी ने आगामी सात वर्षों की रणनीति, दो हजार पच्चीस–छब्बीस की वार्षिक कार्य योजना के मसौदे पर विस्तार से चर्चा की। इसमें कैम्पबेल बे राजस्व क्षेत्र सहित दक्षिण अंडमान ज़िले के विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। बैठक में ज़िला प्रशासन, ग्रामीण विकास, शहरी निकाय, आपदा प्रबंधन, समाज कल्याण, नागरिक आपूर्ति, विद्युत, जहाजरानी, पोत प्रबंधन बोर्ड, उद्योग एवं जनजातीय कल्याण विभाग की वार्षिक कार्य योजना पर विचार किया गया। इसके साथ ही सांसद, समिति के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा विभिन्न सुझाव और सिफारिशे दी गई, जिन्हें संबंधित विभागों की अंतिम योजना में शामिल कर शीघ्र क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के चिन्मय मिशन की ओर से "मूल्य शिक्षा और इसके कार्यान्वयन" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। करेगा। यह संगोष्ठी मिशन के सभागार में बीस अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य भूमि के जाने–माने शिक्षाविद् संगोष्ठी में भाग लेंगे और अपने विचार साझा करेंगे। चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने संगोष्ठी के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से 9 से 11 मई तक पूर्वोत्तर और अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में जिला तकनीकी अधिकारियों के लिए रिफ्रेशर कोर्स आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। यह कोर्स द्वीपसमूह में युवा, मामले एवं खेल मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय खेल महासंघ की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। ए एफ आई ने इस कोर्स के लिए वी. श्रीकुमार को व्याख्याता–सह–परीक्षक के रूप में नामित किया है। अंडमान निकोबार एथलेटिक्स संघ ने इच्छुक एथलीटों, पीईटी, बीपीई छात्रों, एथलेटिक प्रमोटरों और अधिकारियों से भाग लेने का अनुरोध किया है। इच्छुक उम्मीदवारों से एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से तीस अप्रैल तक पंजीकरण करने का कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड की प्रबंध समिति के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी अब्दुल रशीद द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कुल तेरह सीटों में से दस सीटों पर निर्विरोध उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इन निर्वाचित सदस्यों को आगामी पांच वर्ष की अवधि के लिए संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

<><><><><><><>